Awareness Program to prepare for Competitive Exams

CC&PC Iqac 07 Nov, 2023

सराहां महाविद्यालय में करियर गाइडेंस सेल ने लगाया जागरूकता शिविर

■ संवाददाता, बढ़ते कदम

सोलन। राजकीय महाविद्यालय सराहाँ जिला सिरमौर में करियर गाइडेंस सेल द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें निम्बस अकादमी चंडीगढ़ से दिनेश वर्मा एवं नमन ठाकुर ने विद्यार्थियों को स्नातक के उपरांत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में जानकारी दी । उन्होंने विद्यार्थियों से बहुत से प्रश्न पूछे व विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं व प्रश्नों का विस्तृत उत्तर दिया । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर अनीता ठाकुर को दिनेश वर्मा ने लाइब्रेरी के लिए कुछ पुस्तकें भी भेंट की जो महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद होंगी। डॉक्टर जगमोहन ठाकुर ने दिनेश वर्मा एवं नमन ठाकुर का विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी - संबंधी जानकारी देने के लिए धन्यवाद किया व भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम करवाने का विद्यार्थियों को विश्वास दिलाया। इस अवसर पर मंच का संचालन डॉक्टर राजन कौशल ने किया । इस अवसर पर प्रोफ़ेसर जगमोहन, प्रोफ़ेसर सुध्यान नेगी, प्रोफ़ेसर दिनेश , प्रोफ़ेसर सुदेश कुमार, प्रोफ़ेसर कृष्ण, प्रोफ़ेसर मोलम डोलमा, प्रोफ़ेसर रीमा शर्मा, शम्भूनाथ एवं संजीव कुमार भी उपस्थित रहे।

On 07.11.2023 Career Guidance Cell of the college organised an awareness programme in the college Hall 11.00 a.m. in which which Mr. Dinesh Verma and Naman Thakur of NIMBUS Academy Chandigarh delivered lectures on how to prepare for various competitive exams after graduation. They started by how to prepare for Civil Services (IAS,IPS,IFS etc.) but later moved on to tell about various other competitive exams like HAS, Allied Services, SSC, CDS, Bank PO and Bank Clerks. They not only educated the students about the eligibility conditions but also explained how to prepare for these exams and what books they should study to get through in these exams. Our Principal and all the members of the staff were also present on the occasion.